# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail :**registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in


पत्रांकः आर0ओ0/ 1376 /2026–27 दिनांक 13-08-2026

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– **स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के कार्यालय पत्रांकः डिग्री विकास/1331/2026–27, दिनांक 12.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश के सम्बन्ध में।

उक्त के सम्बन्ध में आपको शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश की प्रति इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि आप आगामी 15 अगस्त, 2026 को मनाये जाने वाले स्वतन्त्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर अपने संस्था/महाविद्यालय/कार्यालय में होने वाले समारोह में इस संदेश का वाचन कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

13/8/26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. अध्यक्ष/संयोजक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रो0 अलका तिवारी, उप निदेशक, ललित कला संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
09. विश्वविद्यालय अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
11. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

**15 अगस्त, 2026 संदेश/ई – मेल**

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उ0प्र0।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 1331 /2026 – 27 दिनांक – 12 / 08/2026

**विषय – स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आगामी 15 अगस्त, 2026 को मनाये जाने वाले स्वतन्त्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश की एक प्रति संलग्न कर आपके पास इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त अवसर पर अपने संस्था/महाविद्यालय/कार्यालय में होने वाले समारोह में इस संदेश का वाचन कराने का कष्ट करें।

संलग्नक – संदेश।

भवदीय,

Digitally signed by
AJIT KUMAR SINGH
Date: 12-08-2026
19:14:04

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह),**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, सूचना वं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ।
3. पुस्तकालयाध्यक्ष, राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी, प्रयागराज।

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह),**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

प्रेषक,

**15 अगस्त, 2026 संदेश/ई – मेल**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उ0प्र0।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ /2026 – 27 दिनांक – 12 / 08/2026

**विषय – स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आगामी 15 अगस्त, 2026 को मनाये जाने वाले स्वतन्त्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश महोदय के संदेश की एक प्रति संलग्न कर आपके पास इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त अवसर पर अपने संस्था/महाविद्यालय/कार्यालय में होने वाले समारोह में इस संदेश का वाचन कराने का कष्ट करें।

संलग्नक – संदेश।

भवदीय,

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह),**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 1331 – 34 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, सूचना वं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ।
3. पुस्तकालयाध्यक्ष, राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी, प्रयागराज।

Digitally signed by
AJIT KUMAR SINGH
Date: 12-08-2026
19:14:30

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह),**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**स्वतन्त्रता दिवस**

**15 अगस्त, 2026**

**शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)**

**उत्तर प्रदेश, प्रयागराज का संदेश**

भारत वर्ष के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर मैं प्रदेश के समस्त शिक्षकों, शिक्षाविदों, छात्र – छात्राओं, कार्मिकों, अभिभावकों तथा राष्ट्रीय निर्माण के प्रति समर्पित समस्त महानुभावों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। हम उन अमर बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम के कारण हम स्वतन्त्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। आज का यह ऐतिहासिक दिन केवल हमारे स्वाभिमान का उत्सव नहीं है, बल्कि यह समय है उन सपनों को साकार करने का जिसके लिए हमारे अमर बलिदानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उच्च शिक्षा के इस मंच से आज मैं आप सभी विद्वान शिक्षकों का हृदय से अभिनन्दन करती हूँ जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 को धरातल पर उतारकर पारम्परिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक का एक अद्भुत संगम तैयार कर रहे हैं साथ ही मैं अभिनन्दन करती हूँ हमारे ऊर्जावान विद्यार्थियों का जो केवल शिक्षा प्राप्त कर नौकरी प्राप्त करने वाले नहीं बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 के अनुरूप स्टार्ट – अप, नवाचार और शोध द्वारा भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने वाले कर्णधार बन रहे हैं।

आज जब हमारा देश विकसित भारत@2047 के महान लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है तब उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण, स्मार्ट कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों तथा डिजिटल संसाधनों का विस्तार निरन्तर किया जा रहा है। आज इस महत्वपूर्ण दिवस पर उच्च शिक्षा विभाग की उपलब्धियाँ तथा योजनाओं को मैं आपके साथ साझा करना चाहती हूँ।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 24 राज्य विश्वविद्यालय, 54 निजी विश्वविद्यालय, 01 डीम्ड विश्वविद्यालय एवं 01 मुक्त विश्वविद्यालय, 216 राजकीय महाविद्यालय, 330 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय एवं 7526 स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संचालित हैं।

प्रदेश में नवस्थापित 71 नये राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य के 71 पद सहायक आचार्य के 1136 पद एवं प्रवक्ता पुस्तकालय के 71 पद अर्थात् कुल 1207 पद एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के कुल 142 पदों का सृजन किया गया है। 71 राजकीय महाविद्यालयों में से 46 महाविद्यालयों में सत्र 2025 – 26 से प्रवेश एवं अध्यापन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं महाविद्यालयों में सुशासन/बेहतर नियन्त्रण हेतु शासन के आदेश दिनांक 06 अगस्त, 2025 के अनुक्रम में प्रदेश के अवशेष 10 मण्डलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित कर दिये गये हैं तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (SLQAC) का गठन किया गया है जो पूर्ण रूप से क्रियाशील है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में च्वायस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम, रोजगार परक/वोकेशनल/वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज में पत्रावलियों का संचालन ई-आफिस के माध्यम से किया जा रहा है एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ई – ऑफिस से पत्रावलियों के संचालन किये जाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

प्रदेश के विश्वविद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए निःशुल्क इलाज कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है जिस पर शासन द्वारा 2000.00 लाख बजट का प्राविधान किया गया है।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश के समस्त राज्य/ निजी विश्वविद्यालयों में "समर्थ" पोर्टल का क्रियान्वयन किया जा चुका है। सत्र 2025 - 26 से समस्त विश्वविद्यालयों में छात्र - छात्राओं का प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। समस्त राजकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों का कैरियर एडवान्समेन्ट योजना के अन्तर्गत प्रोन्नति का कार्य संचालित है।

प्रदेश में प्रथम बार शिक्षक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का पूर्ण सेवा विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है तथा निकट भविष्य में मानव सम्पदा पोर्टल के द्वारा सेवा, स्थानान्तरण, अवकाश, पेंशन एवं वेतन इत्यादि सम्बन्धी कार्य भी संचालित किया जाना सम्भव होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट फोन एवं टैबलेट वितरित किये जा रहे हैं।

राजकीय महाविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं हेतु प्राविधानित धनराशि रु०- 300.00 लाख का प्रावधान है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में महाविद्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों को परीक्षणोपरान्त संबंधित महाविद्यालय को धनराशि आवंटित करने की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं के चयनित 840 पदों की आनलाइन पदस्थापन की कार्यवाही एन०आई०सी० के माध्यम से पूर्ण की जा चुकी है। प्रवक्ताओं के 1253 पदों का अधियाचन शासन द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया जा चुका है जिसमें आयोग द्वारा चयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में विज्ञापन संख्या - 49 के अन्तर्गत 290 प्राचार्य एवं विज्ञापन संख्या- 50 के अन्तर्गत 2002 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गयी है एवं उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा असि० प्रो० के 1017 पदों का विज्ञापन-51 के अन्तर्गत विज्ञापन जारी किया गया है जिस पर आयोग द्वारा चयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

वर्ष 2026 – 27 में ई – अधियाचन के माध्यम से अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्य के 111 पदों एवं शिक्षकों के 2107 पदों का अधियाचन उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निदेशालय द्वारा प्रेषित किया जा चुका है।

प्रदेश के समस्त राजकीय/अनुदानित/मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र – छात्राओं को तकनीकी कार्यों में सशक्त बनाने हेतु मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना संचालित है जिसके अन्तर्गत लाभान्वित छात्र – छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में रूपए 1000/- की धनराशि प्रदान किये जाने का प्राविधान है।

प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य सेवा व आत्महत्या रोकथाम हेतु वर्ष 2026 – 27 के लिए 1450 लाख रूपए बजट का प्राविधान किया गया है और योजना क्रियान्वयन से सम्बन्धित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

उच्च शिक्षा में अध्ययनरत मेधावी छात्र एवं छात्रा को बिना किसी बाधा के उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु मुख्यमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है जिसमें वर्ष 2026 – 27 के लिए रुपए 3000.00 लाख का बजट शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है।

प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र छात्राओं को मुफ्त इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान करने की रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026 – 27 के लिए 40000.00 लाख का बजट प्राविधान किया गया है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने हेतु मुख्यमंत्री भारतीय ज्ञान प्रणाली वैश्विक उत्कृष्टता कोष की स्थापना की गयी है जिस पर वर्ष 2026 – 27 के लिए 1000.00 लाख का बजट प्राविधान किया गया है।

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परम्परा संवर्धन शोधपीठ की स्थापना के लिए वर्ष 2026 – 27 के लिए 500.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों के स्वर्ण पदक विजेता छात्रों (यूजी/पीजी) हेतु प्रोत्साहन योजना हेतु वर्ष 2026 – 27 के लिए 500.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

अन्त में मैं यह कहना चाहूँगी कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक महान उत्तरदायित्व है। विकसित भारत@2047 का सपना केवल कागजों या केवल सरकारी योजनाओं से पूरा नहीं होगा, इसे सच करने की असली कुंजी हमारे शिक्षण संस्थानों और आप सभी के हाथों में है।

प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबुद्धजनों! आप केवल इस देश के नागरिक नहीं है बल्कि आने वाले कल के शिल्पकार हैं। आपका हर एक नवाचार, आपकी हर एक खोज और आपकी कड़ी मेहनत देश को प्रगति की नयी ऊँचाईयों पर ले जायेगी। आइए मिलकर एक ऐसे शिक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें जो विश्व में ज्ञान और शान्ति का प्रकाश फैलाये।

जय हिन्द! जय भारत!

Digitally signed by
MONIKA SINGH
Date: 12-08-2026
19:01:19

**डॉ0 (मोनिका सिंह),**
शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।